हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==================================================

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर आज अंबाला में नशे के खिलाफ 'युवा नमो मैराथन' का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'युवा नमो मैराथन' हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और युवाओं को नशों के विरुद्ध एकजुट होने के लिए प्रेरित किया।

युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्म दिवस पर शुभकामनाएं भी दी।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा प्रधानमंत्री का हमेशा से युवाओं पर अटूट विश्वास रहा है और भारत के युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा व नवाचार ही 'विकसित भारत' के निर्माण का सबसे मजबूत आधार है। नशे की समस्या पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने कार्रवाई, जागरूकता, इलाज और पुनर्वास, इन चारों स्तरों पर एक मजबूत व्यवस्था तैयार की है ताकि प्रदेश को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाया जा सके।

----------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण की शुरुआत कर दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की है।

लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण का पंजीकरण पोर्टल खुलने से लंबे समय से पोर्टल खुलने का इंतजार कर रही महिलाओं के लिए अब योजना में नए सिरे से आवेदन करने का मौका मिलेगा। पात्र महिलाओं को हर महीने ₹2100 की आर्थिक मदद दी जाएगी।

--------------------------------------------------------

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और शासन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज शुरू हुए 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत पलवल बस डिपो के सामने स्वच्छता अभियान चलाया और श्रमदान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला, मंडी समिति के अध्यक्ष पंकज विरमानी ने भी भाग लिया।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल जिले में स्वच्छता अभियान शुरू के आम नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया है। अभियान के तहत आज रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। और शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आर्शीवाद का दीया जला कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की जाएगी।

श्री गौरव गौतम ने कहा कि पहले दुनिया में भारत को कमजोर देश के रूप में जाना जाता था लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व के देशों का प्रतिनिधित्व करता हुआ नजर आ रहा है।

-----------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस दिन पर आज देशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' शुरु किया गया है। इसको लेकर शाम को आयोजित होने वाले'हर घर दीया' प्रज्वलन कार्यक्रम ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ खासकर जींद सहित देश भर के पारंपरिक माटी-शिल्पियों और कुम्हारों के जीवन में एक नई ऊर्जा भर दी है। हरियाणा के जिला जींद के पारंपरिक माटी शिल्पकारो ने सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर दीये जलाने की इस मुहिम ने हमारी कला को एक नई पहचान और आत्मनिर्भरता दी है। दीपावली से काफी पहले ही हमारे द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के दीयों की बिक्री कई गुना बढ़ गई है।

==============================